देहरादून, मंगलवार, 16 जुलाई 2024 05

शहर 30s



रुड़की के क्वाड्रा इंस्टीट्यूट में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं। • हिन्दुस्तान

## महर्षि सुश्रुत जयंती पर पौधरोपण किया

रुड़की। चौधरी हरचन्द सिंह आत्मा राम एजुकेशन ट्रस्ट क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद में सोमवार को महर्षि सुश्रुत जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि संस्थान सचिव डॉ. रकम सिंह ने कहा कि सुश्रुत ऋषि को पूरी दुनिया में फादर ऑफ सर्जरी के नाम से जाना जाता है। सुश्रुत ऋषि की स्मृति में पौधरोपण भी किया गया।

देहरादून | मंगलवार • 16.07.2024

अमर उजाला 02

amarujala.com/roorkee

## 'सुश्रुत ऋषि हैं फादर ऑफ सर्जरी'



रुड़की। चौधरी हरचंद सिंह आत्मा राम एजुकेशन ट्रस्ट, क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद, रुड़की में महर्षि सुश्रुत जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्वाड्रा संस्थान सचिव डॉ. रकम सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि भारत की पावनी भूमि पर जन्मे सुश्रुत ऋषि को पूरी दुनिया में फादर ऑफ सर्जरी से जाना जाता है। विश्व की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में आयुर्वेद चिकित्सा का गौरवशाली इतिहास रहा है। आज के आधुनिक दौर में भी प्राचीन आयुर्वेद सर्जरी का अमूल्य योगदान देखने को मिलता है। इस दौरान पौधरोपण के साथ ही छात्रों ने रंगोली, पोस्टर प्रस्तुत किए। इस मौके पर डॉ. रजनीकांत, डॉ. भूमि सोनी, डॉ. जितेंद्र पांडेय, डॉ. चारु शर्मा, डॉ. शैलेन प्रभाकर, अविता गर्ग, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. मयंक, डॉ. अंकित त्यागी, डॉ. सलोनी आदि मौजूद रहे। संवाद